**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
**आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी**
**4 से 23 अगस्त 2016**
**कार्यक्रम का रिपोर्ट**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त पत्र के अनुसरण में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा 4 से 23 अगस्त 2016 के दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण कराने के उद्देश्य से आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं, कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**4 अगस्त 2016** को 'भारतीय स्वतंत्रता के 70 वर्ष : क्या पाया क्या खोया' इस विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**5 अगस्त 2016** को 'स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मागांधी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**9 अगस्त 2016** को अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में वर्धा शहर के शहीद स्मारक भ्रमण का आयोजन विद्यार्थियों के लिए किया गया। जिसमें सेवाग्राम स्थित बापू कुटी, शांति स्तूप, शहीद स्मारक का भ्रमण शामिल था। भ्रमण के दौरान बापू कुटी में विद्यार्थियों को सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान के सचिव श्रीराम जाधव के 'बापू को कैसे समझा जाए' इस विषय पर व्याख्यान का आयोजन भी किया।

**12 अगस्त 2016** को 'आज़ाद भारत' विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**12 अगस्त 2016** को 'विविधता में एकता' विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**15 अगस्त 2016** को मुख्य प्रशासनिक भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण सम्पन्न होने के उपरांत प्रशासनिक भवन से गांधी हिल तक 'स्वतंत्रता दौड़' का आयोजन किया गया जिसमें शैक्षणिक, गैर-

शैक्षणिक कर्मियों के साथ विद्यार्थी बड़ी संख्या शामिल हुए। स्वतंत्रता दौड़ का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया। दौड़ में कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र सहित अधिकारी शामिल हुए।

**15 अगस्त 2016** को ध्वजारोहण के अवसर पर देशभक्ति पर गीत गायन प्रस्तुति का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन स्त्री अध्ययन विभाग की प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सुप्रिया पाठक एवं डॉ. अप्रमेय मिश्र ने किया।

**15 अगस्त 2016** को सायं को राष्ट्रीय एकता विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति पर गीत गायन, हम सब एक है विषय पर नाट्य प्रस्तुति, वंदेमातरम गीत एवं नृत्य प्रस्तुति, राष्ट्रीय एकता पर देश के विभिन्न राज्यों की वेशभूषाओं को प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुतियां की गयी। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा ने किया।

**15 अगस्त 2016** को फोटोग्राफी, रंगोली एवं पोस्टर प्रदर्शनी का उदघाटन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के द्वारा किया गया।

**16-17 अगस्त 2016** को फोटोग्राफी, रंगोली एवं पोस्टर प्रदर्शनी आमजनों के लिए खुली की गयी।

**18 अगस्त 2016** को देश की स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय सपूतों की कुर्बानी विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की।

**22 अगस्त 2016** को भारतीय सेना के पूर्व सेनानी बा. दे. हांडे के नेतृत्व में 'तिरंगा मार्च' का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र सहित अध्यापक, अधिकारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मार्च का समापन गांधी हिल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा को अभिवादन कर किया गया।

**23 अगस्त 2016** को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सामूहिकराष्ट्रगान का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र

प्रसाद मिश्र, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

**23 अगस्त 2016** को सायं 'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' कार्यक्रम का समापन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह गांधी हिल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, पूर्व सेनानी बा. दे. हांडे, प्रो. सुरेश शर्मा तथा प्रो.के. के. सिंह मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे तथा जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया। विजेता एवं सहभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र तथा महात्मा गांधी की जीवनी पर आधारित पुस्तक प्रदान किये गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर गीत प्रस्तुत किए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

**'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी'** कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गयी विभिन्न प्रतियोगिताएं, कार्यक्रमों में लगभग दो सौ विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया 'आज़ादी 70 : याद करो कुर्बानी' यह एक सफल कार्यक्रम रहा। कार्यक्रमों का संयोजन जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे तथा जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया।




स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए कुर्बान हुए सपूतों पर व्याख्यान का कार्यक्रम



तिरंगा मार्च



ध्वजारोहण समारोह



ध्वजारोहण समारोह में उपस्थित विश्वविद्यालय के सदस्य


महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा.
आजादी 70 : याद करो कुर्बानी
4 अगस्त से 23 अगस्त, 2016

स्वतंत्रता दौड़



फोटोग्राफी प्रदर्शनी का उदघाटन करते कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र



फोटोग्राफी प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति, विश्वविद्यालय के अध्यापक एवं अधिकारी



विदेशी विद्यार्थियों के साथ कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र फोटोग्राफी प्रदर्शनी के अवसर पर



शहीद स्मारक को भेंट के अवसर पर विद्यार्थी, अध्यापक तथा अधिकारी एवं पूर्व सेनानी



बापू कुटी, सेवाग्राम आश्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान के सचिव श्रीराम जाधव









देशभक्ति पर गीत गायन प्रतियोगिता




गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी
वर्धा.






हिंदी वर्धा.
याद करो






रंगोली, पोस्टर, निबंध तथा भाषण प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों के वितरण का समारोह



फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं में विजेताओं के साथ कुलपति तथा अन्य अधिकारी




समापन समारोह में उपस्थित कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के साथ अन्य मान्यवर अतिथि